फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (पाली)

प्रार्थी : मांगूराम पुत्र उदाराम :बनाम: अप्रार्थी :– तहसीलदार

किस्म मुकदमा : राजस्व प्रा.पत्र नम्बर :– 07/2023

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए

प्रार्थी उपस्थित।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान कैम्प रास में पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 136 RT Act. के तहत् पेश किया। प्रार्थी का प्रा. पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा–रास I में स्थित कृषि भूमि खाता संख्या 567 में प्रार्थी की संयुक्त सहखातेदारी की भूमि है। जिसमें प्रार्थी का नाम मांगीलाल पुत्र उदाराम दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में मांगूराम पुत्र उदाराम हैं, प्रार्थी ने अपना अशुद्ध नाम मांगीलाल पुत्र उदाराम के स्थान पर मांगूराम पुत्र उदाराम शुद्ध किये जाने का निवेदन किया हैं।

प्रशासन गांवो के संग अभियान रास में मजमा–ए–आम में जानकारी प्राप्त की गई। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक रास व तहसीलदार जैतारण ने जांच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें मौजा–रास I में स्थित कृषि भूमि खाता संख्या 567 संयुक्त खातेदारी की भूमि आयी हुई हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम मांगीलाल पुत्र उदाराम दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में मांगूराम पुत्र उदाराम दर्ज हैं, प्रार्थी का नाम मांगीलाल पुत्र उदाराम के स्थान पर राम मांगूराम पुत्र उदाराम शुद्ध किये जाने की अभिशंषा की हैं।

अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थी का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक रास व तहसीलदार जैतारण की अभिशंषा के आधर पर मौजा–रास I में स्थित कृषि भूमि खाता संख्या 567 में प्रार्थी के नाम की त्रुटिपूर्ण एवं अशुद्ध प्रविष्टि मांगीलाल पुत्र उदाराम को विलोपित करते हुये इसके स्थान पर खातेदार का सही एवं वास्तविक नाम '' मांगूराम पुत्र उदाराम '' दर्ज करते हुये तहसीलदार जैतारण को इसी अनुरूप भू–अभिलेख अद्यतन किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता हैं, अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेगी। आदेशिका की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/लेख्य भण्डार जमा हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2023.12.11 12:13:42 IST
Reason: SelfAttested

SDO
(श्याम सुन्दर बिश्नोई)
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलक्टर जैतारण (पाली)